# निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार,उ0प्र0,लखनऊ।

पत्रांक C-1420/बा0वि0परि/पो0एवंस्वा0/2021–22 दिनॉक 02 मार्च, 2022

**समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/प्रभारी,**
**उत्तर प्रदेश।**

**विषयः– ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस के आयोजन के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस, समुदाय में मां व बच्चों तक स्वास्थ्य संबंधित पोषण सेवायें पहुंचाने का एकमात्र मंच है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास और स्वच्छता संबंधी सेवायें उपलब्ध कराते हुये जानकारी और जागरूकता बढ़ाना है। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस के आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका की अहम भूमिका होती है। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस में आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यों से सम्बन्धित चेकलिस्ट तैयार की गयी है। उक्त चेकलिस्ट का प्रयोग कर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस से सम्बन्धित कार्यों का सम्पादन और अधिक गुणवत्ता पूर्ण तरीके से कर सकेगी।

अतः ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस में आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यों से सम्बन्धित चेकलिस्ट पत्र के साथ संलग्न कर आपको इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि बाल विकास परियोजना अधिकारी के माध्यम से उक्त चेकलिस्ट की प्रति समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

**(डा0 सारिका मोहन)**
निदेशक

पृष्ठांकन संख्या– /तद्दिनांक।

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रमुख सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
4. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन लखनऊ।
5. निदेशक, राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0।
6. पोषण विशेषज्ञ, यूनीसेफ लखनऊ।

**(डा0 सारिका मोहन)**
निदेशक

# निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार,उ0प्र0,लखनऊ।

पत्रांक / /बा0वि0परि/पो0एवंस्वा0/2021–22 दिनॉक 02 मार्च, 2022

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/प्रभारी,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः– ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस के आयोजन के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस, समुदाय में मां व बच्चों तक स्वास्थ्य संबंधित पोषण सेवायें पहुंचाने का एकमात्र मंच है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास और स्वच्छता संबंधी सेवायें उपलब्ध कराते हुये जानकारी और जागरूकता बढ़ाना है। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस के आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका की अहम भूमिका होती है। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस में आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यों से सम्बन्धित चेकलिस्ट तैयार की गयी है। उक्त चेकलिस्ट का प्रयोग कर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस से सम्बन्धित कार्यों का सम्पादन और अधिक गुणवत्ता पूर्ण तरीके से कर सकेगी।

अतः ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस में आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यों से सम्बन्धित चेकलिस्ट पत्र के साथ संलग्न कर आपको इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि बाल विकास परियोजना अधिकारी के माध्यम से उक्त चेकलिस्ट की प्रति समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

(डा0 सारिका मोहन)
निदेशक

**पृष्ठांकन संख्या– C-1420 /तद्दिनांक।**
**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रमुख सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
4. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन लखनऊ।
5. निदेशक, राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0।
6. पोषण विशेषज्ञ, यूनीसेफ लखनऊ।

(डा0 सारिका मोहन)
निदेशक

# ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस

## आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री के कार्य व चेकलिस्ट

**उद्देश्य–** ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस समुदाय में मां व बच्चों तक स्वास्थ्य संबंधित पोषण सेवायें पहुंचाने का एकमात्र मंच है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास और स्वच्छता संबंधी सेवायें उपलब्ध कराते हुये जानकारी और जागरूकता बढ़ाना है।

**आंगनबाड़ी केन्द्र के लाभार्थी जिनको प्राथमिकता के आधार पर सेवायें दी जानी है–** जन्म के समय कम वजन, सभी सैम/मैम एवं गंभीर अल्पवजन से ग्रसित बच्चें, प्रथम व आखिरी त्रैमास की गर्भवती महिलायें पर विशेष फोकस।

**कब** – माह में एक बार पूर्व निर्धारित तिथि पर स्वास्थ्य विभाग के माइक्रोप्लान के अनुसार।

**कहाँ–** मुख्यतः आंगनवाड़ी केंद्र अथवा गांव में पूर्व निर्धारित स्थल।

### ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस के पूर्व की तैयारी

- जन्म के समय कम वजन, सैम/मैम एवं गंभीर अल्पवजन बच्चों की सूची तैयार करना तथा उनको दिवस पर आने के लिये सूचित करना।
- शीघ्र पंजीकरण हेतु प्रथम त्रैमास की गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार करना तथा उनको दिवस पर आने के लिये सूचित करना।
- व्यस्क व नवजात वज़न मशीन, स्टेडियोमीटर, इन्फैन्टोमीटर की उपलब्धता सत्र हेतु सुनिश्चित करना।
- मोबाइल (पोषण ट्रैकर हेतु), आई0ई0सी0 (परामर्श वीडियो/आई0एल0ए0 टेक अवे), ग्रोथ चार्ट की उपलब्धता।

### ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस सत्र के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री के सहयोग से दी जाने वाली सेवायें

- सत्र के दिन सभी कुपोषित बच्चों व प्रथम तथा आखिरी त्रैमास की गर्भवती महिलाओं को सत्र पर मोबिलाइज करना।
- **बच्चों को निम्न सेवायें अवश्य दिलवायें**
  - ✓ ए0एन0एम को सभी कुपोषित बच्चों के पुनः वजन व लम्बाई/उंचाई की जांच में सहयोग देना। जो बच्चे सैम, मैम अथवा गंभीर अल्पवजन से ग्रसित हैं, उनकी स्वास्थ्य जांच ए0एन0एम से करवाना। जो बच्चे नहीं आ पायें उनकों पुनः सत्र पर आने के लिये सूचित करना।
  - ✓ जो बच्चे सैम की श्रेणी में है, परन्तु बीमार नहीं है उनको ए0एन0एम द्वारा 5 दवाइयां(एमोक्सिसीलिन, विटामिन ए, फोलिक एसिड, एलबेन्डाजोल तथा आई0एफ0ए सिरप) उपलब्ध करवाना।
  - ✓ जो बच्चे सैम श्रेणी में हैं व बीमार हैं उनकों पोषण पुनर्वास केन्द्र भेजना।
- **गर्भवती महिला– प्रथम व आखिरी त्रैमास की सभी गर्भवती महिलाओं का वजन व उंचाई लेते हुये उसे पोषण ट्रैकर व एम0सी0पी कार्ड में अंकित करना। वजन व उंचाई की सूचना ए0एन0एम0 द्वारा एमसी0पी कार्ड के पृष्ठ 5 तथा अनमोल एप में भी भरी जायेगी।**

### ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस सत्र के दौरान कार्यकत्री द्वारा दिया जाने वाला परामर्श

**बच्चों में–** जिन बच्चों के वज़न में वृद्धि एवं पोषण श्रेणी में सुधार आया हो उनके अभिभवाक को बधाई दें। जो बच्चे अभी भी सैम अथवा गंभीर अल्पवजन की श्रेणी में हैं उनकों गृह आधारित फीडिंग व मासिक वृद्धि निगरानी के बारें में बतायें । साथ में हर माह वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र पर आने को कहें जब तक वह सामान्य नहीं हो जाते।

**गर्भवती महिलाओं में** – यदि पहले त्रैमास में किसी महिला का वजन 45 किलो से कम अथवा उंचाई 145 से0मी0 से कम अथवा बी0एम0आई0 18.5 से कम है तो गर्भावस्था के दौरान अथवा प्रसव के समय जटिलता उत्पन्न हो सकती है। कम वजन के शिशु पैदा होने का खतरा भी बढ जाता है। महिला को प्रत्येक माह वी0एच0एस0एन0डी सत्र पर आने को कहें तथा वजन वृद्धि की महत्ता को समझायें। आखिरी त्रैमास की गर्भवती महिलाओं में गर्भवस्था के दौरान हुई वजन वृद्धि का आंकलन कर आवश्यक परामर्श दें। यदि वजन वृद्धि कम है तो खान–पान में और अधिक सुधार लाने को कहें।

त्र के पश्चात की कार्यवाहीः –

- सभी सैम, मैम व गंभीर अल्पवजन वाले बच्चों के घर साप्ताहिक गृह भ्रमण करें तथा केन्द्र आधारित सत्र पर अभिभावकों को बुलाते हुये उन्हें और अधिक जागरूक व सजग बनायें।
- द्वितीय व तृतीय त्रैमास की गर्भवती महिला का प्रत्येक माह वजन करें तथा उसें एम0सी0कार्ड के पृष्ठ 4 में माह के सापेक्ष चढायें। गर्भावस्था के 9 माह के दौरान वजन वृद्धि की जांच एक महत्वपूर्ण गतिविधि है और यह सूचना कार्यकत्री के पास उपलब्ध होनी चाहिये




## उपरोक्त गतिविधियों हेतु चेकलिस्ट निम्नवत् है–

### सत्र के पूर्व तैयारी–

| | |
|---|---|
| सत्र का समय और स्थान सभी अभिभावकों को एक दिन पहले अवश्य सूचित करें | हां / नहीं |
| यदि सत्र आंगनबाड़ी केन्द्र पर है तो केन्द्र को समय से खोले | हां / नहीं |
| कियाशील अवस्था में उचांई माप के लिए स्टेडियोमीटर की उपलब्धता | हां / नहीं |
| कियाशील अवस्था में लम्बाई माप के लिए इन्फेन्टोमीटर की उपलब्धता | हां / नहीं |
| गर्भवती महिलाओं के वजन माप हेतु वजन मशीन की उपलब्धता | हां / नहीं |
| शिशुओं के वजन हेतु वजन मशीन की उपलब्धता | हां / नहीं |
| परामर्श सम्बन्धी आवश्यक सामग्री जैसे फ्लिप चार्ट वीडियों, टेकअवे व पोस्टर की उपलब्धता | हां / नहीं |
| सभी के सामान्य समझ के लिए पात्र लाभार्थियों–जन्म के समय कम वजन के बच्वें, सैम/मैम, गम्भीर अल्पवजन, प्रथम व आखिरी त्रैमास की गर्भवती महिलाओं की सूची बनाना। ड्यूलिस्ट का मिलान आशा के साथ करना। | हां / नहीं |

| | |
|---|---|
| पूर्व चिन्हित सैम/मैम, गम्भीर अल्पवजन बच्चों और उनके अभिभावकों की सत्र पर उपस्थिति सुनिश्चित करना। | हां/नहीं |

## सत्र के दौरान किये जाने वाले मुख्य कार्य–

| | |
|---|---|
| सभी का अभिवादन करे, सत्र के आयोजन का उद्धेश्य बताएं | हां/नहीं |
| सैम/मैम व गंभीर अल्पवजन की गम्भीरता बताते हुए अभिभावकों को उनके बच्चें की पोषण की स्थिति व बीमार बच्चें के आहार के बारे में बताए। उपरी आहार की सही समय पर शुरूआत, मात्रा विविधता के बारे में जानकारी दे। अगले सत्र में फिर से बच्चें को लाने के लिए कहें। | हां/नहीं |
| रेसिपी प्रदर्शन के माध्यम से घर पर उपलब्ध खाद्य पदार्थो के इस्तेमाल से खाद्य विविधता में सुधार करने हेतु परामर्श। | हां/नहीं |
| गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण सम्बन्धी जानकारी देना। गर्भावस्था के दौरान प्रत्येक माह वजन करने की सलाह। | हां/नहीं |
| आशा के सहयोग से जन्म के समय कम वजन वाले बच्चों को स्वास्थ्य जांच के लिए सत्र पर बुलाना, नियमित वजन, स्तनपान के बारे में चर्चा करना। | हां/नहीं |
| टीकाकरण हेतु आये सभी बच्चों की माताओं से स्तनपान सम्बन्धी व्यवहार की जानकारी लेना और आवश्यकतानुसार परामर्श देना। | हां/नहीं |
| लाभार्थी से सम्बन्धित सूचनाओं को एम0सी0पी0 कार्ड व पोषण ट्रैकर पर दर्ज करना। | हां/नहीं |
| गर्भवती, धात्री महिलाओं को कोविड–टीकाकरण के बारे में जानकारी देना व छूटे हुये का कोविड–टीकाकरण कराना। | हां/नहीं |

हां/नहीं

## समापन–

| | |
|---|---|
| प्राथमिकता अनुसार ग्रह भ्रमण के लिए लाभार्थियों की सूची बनाना। | हां/नहीं |
| जो लाभार्थी सत्र में आने से छूट गये है उनकी सूची तैयार कर आशा के साथ साझा करना तथा ये सुनिश्चित करना कि छूटे हुए लाभार्थी अगले सत्र में अवश्य आये। | हां/नहीं |